भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या:1916**
**उत्तर देने की तारीख:13/03/2023**

**नए केंद्रीय विद्यालयों हेतु प्राप्त प्रस्ताव**

**1916 श्री देवजी पटेल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में नए केंद्रीय विद्यालयों को खोलने हेतु सम्पूर्ण देश से प्राप्त प्रस्तावों का राज्य-वार, जिला-वार और स्थान वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार सिरोही जिले में रेलवे, डाक घरों, बैंकों, बीएसएनएल में सेवारत कर्मचारियों के बच्चों और पिछड़े तथा ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को सीबीएसई के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने हेतु सिरोही जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना पर विचार कर रही है:
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सिरोही के जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु माता-पिता, शिक्षाविदों और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध प्राप्त हुए हैं;
(ङ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गई है; और
(च) सरकार द्वारा राजस्थान में प्रस्तावित नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए पूरी की गई प्रक्रिया का विद्यालय-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) में देश भर में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए 152 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए 152 प्रस्तावों का ब्यौरा संलग्न है।

(ख) से (च) वर्तमान में, राजस्थान राज्य में 77 केन्द्रीय विद्यालयों सहित देश भर में 1249 केन्द्रीय विद्यालय कार्य कर रहे हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केवि पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केवि खोलने के प्रस्तावों पर तभी विचार किया जाता है जब भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जाता है जिसमें मानदंडों के अनुसार एक नया केवी स्थापित करने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित संसाधनों की प्रतिबद्धता है। यह प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं। केन्द्रीय विद्यालय राज्य-वार, जिला-वार और स्थान-वार मानदंडों पर नहीं खोले जाते हैं।

सिरोही जिले में एक नया केवि खोलने के लिए केविसं के मानदंडों को पूरा करने वाला कोई प्रस्ताव राजस्थान राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुरोधों सहित सभी अनुरोधों/अभ्यावेदनों पर केविसं के निर्धारित मानदंडों के अनुसार कार्रवाई की जाती है और उनकी जांच की जाती है।

*****

**अनुलग्नक**

**"नए केंद्रीय विद्यालयों हेतु प्राप्त प्रस्ताव" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री देवजी पटेल द्वारा दिनांक 13/03/2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1916 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान नए केन्द्रीय विद्यालय**

**खोलने के लिए प्राप्त प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **क्र. सं.** | **जिले का नाम** | **प्रस्ताव का स्थान** |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अनकापल्ली | अनाकापल्ली, |
| | 2 | गुंटूर | माचेरला, |
| | 3 | | रोम्पीचेरला, |
| | 4 | कृष्णा | नंदीगामा, |
| | 5 | एलुरु | नुज्विद |
| | 6 | अन्नमय्या | मदनापल्ली |
| | 7 | | रायचोटी |
| | 8 | चित्तूर | महासमुद्रम |
| | 9 | श्री सत्य साईं | पाल समुद्रम |
| अरुणाचल प्रदेश | 10 | पापुमपारे | जोत |
| | 11 | निचला सुबनसरी | थाउ, पीतापूल |
| असम | 12 | कछार | जीसी सीआरपीएफ दयापुर |
| छत्तीसगढ | 13 | मुंगेली | मुंगेली, |
| | 14 | सूरजपुर | सूरजपुर, |
| | 15 | जांजगीर | हसौद |
| | 16 | बेमेतरा | बावामोहतरा, |
| | 17 | बिलासपुर | रामतला |
| | 18 | | गुरु घासीदास विश्वविद्यालय |
| | 19 | बालोद | दलीराहरा |
| | 20 | रायपुर | सीआरपीएफ रायपुर |
| दिल्ली | 21 | उत्तर पूर्वी दिल्ली | खजूरी खास |
| गुजरात | 22 | अमरेली | चक्करगढ़, |
| | 23 | अहमदाबाद | ओग्नाज, |
| | 24 | गांधीधाम | डीमदयाल पोर्ट ट्रस्ट गोपालपुरी |
| | 25 | सुंदरनगर | सुंदरनगर |
| | 26 | सोमनाथ | गीर, सोमनाथ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 27 | कांगड़ा | रीरी कुथेरा, |
| | 28 | ऊना | गोकुलनगर, उपर भंजल, |
| | 29 | | नंदपुर, जिला |
| | 30 | मंडी | थुनाग |
| | 31 | बिलासपुर | कोठीपुरा सदर, बिलासपुर |
| | 32 | हमीरपुर | भोरंज |
| हरियाणा | 33 | गुडगाँव | ऊंचा माजरा |
| जम्मू और कश्मीर | 34 | रामबन | गूल, |
| | 35 | | रामबन, |
| | 36 | कठुआ | बानी, |
| | 37 | | रामकोट, |
| | 38 | रियासी | रियासी, |
| | 39 | | कटरा (काकरियाल), |
| | 40 | पुलवामा | रत्नीपोरा, |
| | 41 | | गलंदर (चंधरा), |
| | 42 | किश्तवाड़ | मुगल मैदान, |
| | 43 | पूंछ | गुलपुर, |
| | 44 | कुपवाड़ा | ड्रगमुल्ला, |
| | 45 | सांबा | विजयपुर |
| | 46 | सोपियन | मनलू |
| | 47 | | आलमगंज हरमन |
| झारखंड | 48 | लातेहार | रेलवे बरवाडीह, |
| | 49 | गिरिडीह | डोरंडा |
| | 50 | | डुमरी |
| | 51 | हजारीबाग | बरकठा |
| | 52 | पाकुर | पाकुर |
| | 53 | चक्रधरपुर | सिनी |
| | 54 | पूर्वी सिंहभूम | टाटानगर नंबर 2 |
| कर्नाटक | 55 | यादगीर | मुदनाल, |
| | 56 | शिवमोगा | नंबर 2 शिवमोगा, |
| | 57 | चित्रदुर्ग | कसाबा होबली |
| | 58 | रायचुर | इलारगी (डी) |
| | 59 | | शशिवेगरा |
| | 60 | | अरकेरा |
| | 61 | गदग | गदग |
| | 62 | बेलगावी | कोकथनूर |
| | 63 | कलबुर्गी | भूमि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 64 | कारवार | दोडनल्ली |
| | 65 | | कनासगिरी |
| | 66 | धारवाड़ | धारवाड़ (द्वितीय केवी) |
| | 67 | कोप्पल | कोराडाकेरे |
| | 68 | हसन | अरिसेकेरे |
| | 69 | तुमकुरु | तुमकुरु (द्वितीय केवी) |
| केरल | 70 | अलपुझा | बीएसएफ 27वीं बटालियन नूरानाडू |
| | 71 | इद्दुकी | मृला, थोडुपुझा |
| मध्य प्रदेश | 72 | अशोक नगर | अशोक नगर, |
| | 73 | उज्जैन | नागदा, |
| | 74 | सतना | मैहर, |
| | 75 | बालाघाट | तिरोड़ी, |
| | 76 | | जान्हवा |
| | 77 | सिवनी | बरघाट, |
| | 78 | | केवलारी |
| | 79 | कटनी | झिंझरी, |
| | 80 | राजगढ़ | नरसिंहगढ़, |
| | 81 | छतरपुर | बड़ामलहरा |
| | 82 | | नौगांव |
| | 83 | दमोह | तेंदुखेड़ा |
| | 84 | मंडला | नायपुर |
| | 85 | छिंदवाड़ा | अमरवाड़ा |
| | 86 | टीकमगढ़ | टीकमगढ़-निवाड़ी |
| | 87 | जबलपुर | कुंडम |
| | 88 | | पाटन |
| | 89 | | सिहोरा |
| | 90 | | अधारताल |
| महाराष्ट्र | 91 | अकोला | अकोला, |
| | 92 | पुणे | एनडीआरएफ पुणे |
| मणिपुर | 93 | कामजोंग | फ्रोंगकापरा बंगपा |
| | 94 | सनाप्ति | जैमिंग कटोमारी |
| नागालैंड | 95 | फेक | डोज़ा चेज़ेज़ू |
| | 96 | फिरजावल | थानलॉन |
| ओडिशा | 97 | बोलंगीर | रेलवे टिटलागढ़, |
| | 98 | | पटनागढ़, |
| | 99 | अंगुल | तालचर, |
| | 100 | | अथमालिक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 101 | कोरापुट | जयपोर |
| | 102 | खुर्दा | आईटीपीबी खुर्दा (एमएचए) |
| | 103 | अंगुल | अथमालिक |
| | 104 | संबलपुर | कुचिंडा |
| | 105 | | रायराखोल |
| | 106 | ढेंकनाल | ढेंकनाल (कामाख्यानगर) |
| | 107 | मयूरभंज | उदला |
| | 108 | बारगढ़ | पदमपुर |
| राजस्थान | 109 | जोधपुर | एएफएस फलौदी, |
| | 110 | श्रीगंगानगर | बीएसएफ सतराना, |
| | 111 | | बीएसएफ श्रीकरणपुर, |
| | 112 | करौली | हिंडौन सिटी, |
| | 113 | राजसमंद | भीम, |
| | 114 | | राजसमंद, |
| | 115 | अलवर | राजगढ़, |
| | 116 | | बेहोरोड |
| | 117 | जयपुर | कोटपुतली |
| | 118 | नागौर | परबतसर |
| | 119 | | खींवसर |
| | 120 | | डीडवाना |
| | 121 | | मेड़ता, |
| | 122 | कोटा | कोटा |
| | 123 | दौसा | महवा |
| तमिलनाडु | 124 | थेनी | थेनी |
| | 125 | तंजावुर | पिल्लयारपट्टी, |
| त्रिपुरा | 126 | गोमती | उदयपुर, |
| | 127 | उत्तर त्रिपुरा | धर्मनगर, |
| उतार प्रदेश। | 128 | जौनपुर | पयागपुर, |
| | 129 | महाराजगढ़ | महाराजगढ़, |
| | 130 | बिजनौर | बिजनौर |
| | 131 | अयोध्या | चांदपुर |
| | 132 | सामली | सामली |
| | 133 | आगरा | अछनेरा |
| | 134 | जानसी | मऊरानीपुर |
| | 135 | गाज़ियाबाद | मोदी नगर |
| | 136 | सीतापुर | कनवाखेड़ा |
| | 137 | बाँदा | बाँदा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तराखंड | 138 | टिहरी गढ़वाल | नरेंद्र नगर, |
| | 139 | | मदन नेगी, |
| | 140 | अल्मोड़ा | द्वाराहाट, |
| | 141 | | जैती |
| | 142 | पौड़ी गढ़वाल | कोटद्वार, |
| | 143 | | ननीतांडा |
| | 144 | हरिद्वार | मैंगलोर लक्सर |
| | 145 | | खानपुर लक्सर |
| | 146 | | भगवानपुर |
| | 147 | उधमसिंहनगर | जसपुर |
| | 148 | | सितारगंज |
| | 149 | | रुद्रपुर |
| | 150 | उत्तरकाशी | भटवारी |
| | 151 | बागेश्वर | कुपकोट |
| पश्चिम बंगाल | 152 | जलपाईगुड़ी | मालबाजार |

*****